समाचार

चलाया जाएगा कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान

कोरबा 01 अक्टूबर 2020 –कोविड–19 की प्रसार श्रृंखला को तोड़ने हेतु समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान कर उनकी कोविड–19 जांच कर आईसोलेट एवं उपचार किए जाने हेतु कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान चलाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ शासन तथा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा श्रीमती किरण कौशल के दिशा निर्देशों के तहत कोरबा जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान 02 अक्टूबर से 12 अक्टूबर के मध्य चलाया जाना हैं। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत सभी 08 जोन में यह अभियान चलाया जाएगा, इस हेतु सर्वेक्षण दल गठित कर अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। यह सर्वेक्षण दल घर–घर भ्रमण कर कोविड–19 की प्रसार श्रृंखला को तोड़ने हेतु समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान करेगा तथा आवश्यकतानुसार कोविड–19 की जांच कर उन्हें आईसोलेट करने व उपचार किए जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही संपन्न कराएगा।

03 एवं 04 अक्टूबर को दिया जाएगा कार्य का प्रशिक्षण– नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत 05 अक्टूबर से कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान संचालित किया जाएगा, इस हेतु गठित सर्वेक्षण दल को 03 एवं 04 अक्टूबर को कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया जाना है। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने आदेश जारी कर सर्वेक्षण दल में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों, शिक्षकों, व्याख्याताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं। प्रशिक्षण हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कोरबा जोन अंतर्गत स्थित वार्डो में संलग्न सर्वेक्षण दल हेतु 03 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे, परिवहन नगर जोनांतर्गत स्थित वार्डो में संलग्न सर्वेक्षण दल हेतु 03 अक्टूबर को दोपहर 02 बजे तथा कोसाबाड़ी जोन एवं पं.रविशंकर शुक्ल जोन अंतर्गत स्थित वार्डो में संलग्न सर्वेक्षण दल हेतु 03 अक्टूबर को सायं 04 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित है। इसी प्रकार दर्री जोनांतर्गत स्थित वार्डो में संलग्न सर्वेक्षण दल हेतु 04 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे, बालको जोनांतर्गत स्थित वार्डो में संलग्न सर्वेक्षण दल के लिए 04 अक्टूबर को दोपहर 02 बजे एवं बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन अंतर्गत स्थित वार्डो में संलग्न सर्वेक्षण दल हेतु 04 अक्टूबर को सायं 04 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है।